प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन की करेंगे अध्यक्षता।
- आई.जी.एम.सी मामले को लेकर रेजिडेंट डॉक्टर आज से प्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर–राज्य सरकार ने जारी किए सख्त निर्देश।
- केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री दक्ष वित्त पोषण योजना दिव्यांगजनों के लिए बनी वरदान
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा ने वर्ष 2027 तक टी.बी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मिशन मोड में कार्य करने का किया आहवान।

प्रधानमंत्री–मुख्यसचिव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज और कल नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। कल से शुरू हुए तीन दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर सतत् बातचीत के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद के दृष्टिकोण पर आधारित यह सम्मेलन केंद्र और राज्य को एक मंच पर लाकर, देश की मानव पूंजी क्षमता और समावेशिता को बढ़ाने तथा भविष्य में विकास की गति तेज करने के लिए एकीकृत रोडमैप तैयार करेगा। इस सम्मेलन में हिमाचल की ओर से मुख्य सचिव संजय गुप्ता और अतिरिक्त मुख्य सचिव राकेश कंवर हिस्सा ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज दिल्ली दौरे पर हैं। इस दौरान वे दिल्ली में होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में पार्टी देश के मौजूदा राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीति पर मंथन करेगी।

डॉक्टर एसोसिएशन

आई.जी.एम.सी. शिमला में मरीज़ व डॉक्टर के बीच हुई मारपीट मामले के बाद डॉक्टर की बर्खास्तगी के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टरों ने आज से प्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री से बातचीत और निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बावजूद रेज़िडेंट डॉक्टर अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। राज्य सरकार ने हड़ताल को देखते हुए सख्त निर्देश जारी किए हैं।

<u>एंबुलेंस कर्मचारी</u>

इस बीच प्रदेश के सीटू से सम्बंधित 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन कल से दो दिवसीय प्रदेशव्यापी हड़ताल पर हैं। ये हड़ताल आज भी जारी रहेगी। हड़ताल के कारण प्रदेशभर में एंबुलेंस सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रम कानूनों व न्यायिक आदेशों को लागू करने, न्यूनतम वेतन व कर्मचारियों की प्रताड़ना जैसे विभिन्न मांगो को लेकर ये कर्मचारी विरोध जता रहे हैं।

<u>प्रधानमंत्री दक्ष वित्तपोषण योजना</u>

प्रधानमंत्री दक्ष वित्तपोषण योजना के अंतर्गत दिव्यंगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और सम्मान जनक जीवन प्रदान करने के लिए अनेक प्रोत्साहन दिये जा रहे हैं। ऊना ज़िला के 8 हज़ार से अधिक दिव्यांगजनों को इस योजना के माध्यम से मासिक पेंशन प्रदान की जा रही है।

<u>नड्डा – टीबी मुक्त भारत</u>

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने वर्ष 2027 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए मिशन–मोड स्वास्थ्य देखभाल सुधारों और प्रयासों में तेजी लाने का आह्वान किया। नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए, नड्डा ने मजबूत दवा विनियमन और संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला की निरंतर निगरानी के महत्व को रेखांकित किया।उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण निदान प्रभावी स्वास्थ्य देखभाल की रीढ़ है। केंद्रीय मंत्री ने प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्तरों पर निदान सेवाओं को मजबूत करने का आह्वान किया।

<u>कर सुधार</u>

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इस वर्ष ने नीतियों को प्रगति में बदलते और इरादों को साकार होते देखा। विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में आज हम बात कर रहे हैं वर्ष 2025 में कराधान क्षेत्र में भारत की प्रगति की। पेश है ये रिपोर्ट––––

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखता है–नशा तस्करो, भ्रष्ट कर्मियों पर होगी सर्जिकल स्ट्राइक। दैनिक जागरण के शब्द हैं–नशा तस्करों की सूची तैयार, अब करेंगे वार।

सरकार से वार्ता विफल, आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डॉक्टर शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है–प्रदेशभर के अस्पतालों में पूरी तरह बंद रहेगी ओपीडी।

पंजाब केसरी की एक सुर्खी है– नववर्ष से पहले हिमाचल सरकार लेगी एक हजार करोड़ रूपये का कर्ज– 31 दिसंबर 2 हजार 40 तक की जाएगी ऋण की अदायगी।

दैनिक भास्कर की एक खबर है–प्रदेश के डिपुओं में इसी माह मिलेगा दो माह का चीनी कोटा– 20 हजार क्विंटल सप्लाई निगम के गोदाम में पहुंची।

"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर "

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन की करेंगे अध्यक्षता।
- आई.जी.एम.सी मामले को लेकर रेजिडेंट डॉक्टर आज से प्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर –राज्य सरकार ने जारी किए सख्त निर्देश।
- केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री दक्ष वित्त पोषण योजना दिव्यांगजनों के लिए बनी वरदान ।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा ने वर्ष 2027 तक टी.बी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मिशन मोड में कार्य करने का किया आहवान।